ACE|21-22|213 Date-22/03/22

नेहरू युवा केन्द्र जोधपुर
Nehru Yuva Kendra Jodhpur

स्वायत्तशाषी संस्था An Autonomous Body under
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय Ministry of Youth Affairs & Sports
भारत सरकार Government of India
कोड नं. 5713 Code No. 5713

Together Towards Tomorrow...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः नेयुके / जोध. / 2021–22 / 339 दि. 13.02.2022

समस्त राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक
नेहरू युवा केन्द्र,
जोधपुर।

विषय :– जिला युवा संसद– भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के पंजीयन बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा National Youth Parliament Festival 2022 का आयोजन 8–9 मार्च 2022 को किया जाना प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय युवा संसद आयोजन से पूर्व मंत्रालय द्वारा जिला एवं राज्य युवा संसद का आयोजन क्रमशः दिनांक 14 से 19 फरवरी 2022 एवं 23 से 27 फरवरी 2022 के दौरान किया जाना है, जिसके तहत निम्नलिखित विषयों पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल माध्यम (ऑनलाईन) से किया जाना है– (1) अतुल्य भारत (2) आयुष्मान भारत (3) बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ (4) स्किल इंडिया (5)डिजीटल इंडिया (6)स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारतः क्लिन इंडिया।

जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय विजेता को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। राज्य स्तर पर प्रथम विजेता अभ्यर्थी को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा साथ ही द्वितीय एवं तृतीय विजेता को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में प्रतिभागियों को सुनने का अवसर प्रदान किया जायेगा। प्रतिभागी हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में से किसी भी भाषा में भाग ले सकता है। भाषण की अवधि 04 मिनट निर्धारित है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ग्रामीण युवाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित कर संलग्न पंजीयन प्रपत्र भर कर उनका पंजीयन करवाने का कष्ट करावें। आपको कम से कम 10 युवाओं का पंजीयन करना अनिवार्य है।

संलग्नः मार्गदर्शिका मय अनुलग्नक।

भवदीय

13/02/2022

(राजेश चौधरी)
जिला युवा अधिकारी

Forwarded to
1) Dr Soyal Khan
2) Notice Board/website
2/3/2022

जिला कार्यालय : युवा आवास परिसर, सर्किट हाउस रोड़, भाटी चौराहा, रातानाड़ा, जोधपुर (राज.) - 342011
District Office : Youth Hostel Premises, Circuit House Road, Bhati Circle, Ratanada, Jodhpur (Raj.) - 342011
दूरभाष / Telephone : 0291-2555872, 2944872 ✦ Email : dyc.jod.rj@gov.in, dyc.jodhpur@gmail.com

जिला युवा संसद भाषण प्रतियोगिता 2022: जोधपुर

आवश्यक निर्देश–

1– इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के युवा (छात्र व गैर छात्र दोनों) जिनकी उम्र 13.02.2022 को इस आयु वर्ग से मध्य हो, केवल वे ही भाग ले सकेंगे।

2– प्रतिभागी उसी जिले का निवासी होना चाहिये। आधार कार्ड अथवा निवास पते का कोई भी प्रमाण साथ में संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर दि. 16.02.2022 को केन्द्र कार्यालय में जमा करवाएं। आवेदन पत्र पर प्रतिभागी का नवीनतम फोटो लगा होना चाहिये। साथ ही आयु/जन्मतिथि के संदर्भ में जन्म प्रमाण पत्र अथवा कक्षा 10 के प्रमाणपत्र/अंकतालिका की प्रतिलिपि साथ लगाएं।

3– भाषण प्रतियोगिता के विषय–

(1) अतुल्य भारत–एक आकर्षक पर्यटक स्थलः भारतीय संस्कृति एवं इतिहास को दिखाते हुए।(योग,अध्यात्म, मैन वर्सेज वाइल्ड थीम की तरह)

(2) आयुष्मान भारत–स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव।

(3) बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ : महिला सशक्तिकरण एवं विकास की एक प्रक्रिया।

(4) स्किल इंडिया– अविकसित क्षेत्रों व प्रतिभाओं का बेहतर आजीविकोपार्जन एवं समाज में इज्जत हेतु विकास ।

(5) डिजीटल इंडिया–शहरी ग्रामीण विभाजन को पाटना, भारतीयों को डिजीटल सेवाओं, अवसंरचनाओं व डिजीटल जागरूकता से सशक्तिकरण।

(6) स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारतः क्लिन इंडिया–खुले में शौच मुक्त भारत, गंदगी मुक्त भारत। व्यवहारगत परिवर्तन एवं जनआंदोलन बनाना ।

4– जिला स्तर पर भाग लेने वाले आवेदकों में से प्रथम एवं द्वितीय का चयन निर्णायकों द्वारा किया जावेगा एवं जिला स्तर पर आने वाले प्रथम एवं द्वितीय को वर्चुअल राज्य स्तरीय युवा संसद मे भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। राज्य स्तर पर प्रथम चयनित अभ्यर्थी को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तृतीय विजेता को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में प्रतिभागियों को सुनने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

5– प्रतिभागी हिन्दी व अंग्रेजी दोनों में से किसी भी भाषा में भाग ले सकता है। भाषण की अवधि 04 मिनट निर्धारित है।

6– ऑनलाईन लिंक प्रतिभागियों को उनके दिये गये ईमेल पर भेजा जायेगा।

7– विजेताओं का चयन पांच सदस्य निर्णायक दल द्वारा किया जायेगा एवं उनका निर्णय अंतिम होगा।

13/02/2022

(राजेश चौधरी)

जिला युवा अधिकारी